तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025

12 विनायकपुर विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया



11 पीएम आवास निर्माण में लापरवाही पर होगी ...





## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**बालोद।** जिले मे तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियान के बाद भी लोग लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते दिख रहे है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। जहां दोपहर को एक अन्य सड़क दुर्घटना मे ग्राम उमरादाह के पास एक कार सवार व्यक्ति ने स्कूटी सवार एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद स्कूटी सवार व्यक्ति गंभीर रूप से धायल हो गया। जिसे आस पास के लोगो द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां व्यक्ति का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बालोद की ओर से जा रही कार ने ग्राम उमरादाह के पास बालोद की ओर आ रही एक स्कूटी को रास्ते मे ठोकर मार दी, टक्कर इतना जबरदस्त था कि स्कूटी के सामने के भाग के साथ कार के सामने का भाग व सामने का शीशा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलो को 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया।

### गवाही देने पर युवक से मारपीट, मामला कायम

**बालोद।** अपने खिलाफ कोर्ट मे गवाही देने से नाराज युवक ने कोर्ट मे गवाही देने वाले एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर दी, जिसके बाद मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ बालोद थाने मे रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टेकापार निवासी गुलशन निषाद ने पुलिस को जानकारी दी है कि दोपहर ऑटो पार्ट्स की दुकान में कार की रिपेयरिंग करा रहा था। इस दौरान खिलेश्वर पटेल आया और मेरे खिलाफ गवाही दिया है कहकर गाली गलौज की। जिसके बाद जान से मारने की धमकी देकर हाथ–मुक्का से मारपीट की। गर्दन में नाखून से खरोच आया है। दोस्त शीत कुमार सोरी ने बीच बचाव किया। खिलेश्वर ने पिछले साल दीपावली पर्व में गोवर्धन पूजा के दिन सतीश कुमार यादव के साथ मारपीट की थी। इस मामले का गवाह हूं। इसी को लेकर विवाद कर मारपीट की। वही मारपीट करने वाले युवक खिलेश्वर पटेल के खिलाफ बालोद थाने में धारा 115(2), 296, 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ में हुई नियुक्तियां

**बालोद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर, प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त,



संरक्षक एनकेपी सिंह तथा प्रांतीय कार्यकारिणी की सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमे विभिन्न निर्णय लिये गए। जिसमे जिले के पेंशनर पदाधिकारी व सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक मे निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ के संभाग, एवं जिला संगठन के विस्तार तथा संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने हेतु दुर्ग जिले के अध्यक्ष केएस जायसवाल को उप प्रांताध्यक्ष एवं बालोद जिले के अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा को संभागीय अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा ने प्रांतीय अध्यक्ष एवं समिति को धन्यवाद एवं आभार प्रेषित किया है। संभागीय अध्यक्ष द्वारा दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, मानपुर मोहला चौकी के जिला अध्यक्षों से संपर्क कर पदाधिकारी की बैठक आयोजित करने शीघ्र संपर्क किया जाएगा। संघ के विस्तार हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य संपादित करने का निर्णय लिया गया है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई तीन थाना अंतर्गत न्याय बैटरी से चोरी के मामले में पुलिस ने हांडी पारा रायपुर के सोनू उर्फ घनेन्द साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया।

# ढाबाडीह के अवैध कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई नहीं, ग्रामीण बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम ढाबाडीह के ग्रामीणो ने ग्राम के घास भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले एक ग्रामीण के खिलाफ शिकायत करते हुए कई बार आवेदन देने पर भी शासन प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही करने की बात कहते हुए अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। जहां ग्रामीण ज्ञापन सौपने सैकड़ो की संख्या मे पहुंचे हुए थे। जिसमे महिलाएं, बुजुर्ग व पुरूश उपस्थित थे।

ग्रामीणो ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि ग्राम पंचायत पसौद के आश्रित ग्राम ढाबाडीह के अंतर्गत 41 हे. के घास भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है। जिसके संबंध मे ग्रामीणो द्वारा कई माध्यमो से इसकी शिकायत करते हुए शासन प्रशासन को आवेदन सौपा गया है तथा इस पर कार्यवाही करने की मांग कई बार की जा चूकि है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा इस पर कार्यवाही नही किया जा रहा है। जिसके कारण उक्त व्यक्ति की मनमानी बढ़ती जा रही है, ऐसे मे शासन प्रशासन द्वारा आवेदनो पर गंभीरता नही दिखाने से ग्रामीण कलेक्टर परिसर मे धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम जैसे कदम उठाने की बात कही है।



**ये रहे मौजूद**

ज्ञापन सौपने के दौरान ग्राम के पंच पूरन सिंह साहू, रूपराम साहू, डिगेश्वर कुमार, उत्तम, साहू, गोविंद व ग्रामीण रमेश साहू, खोमन लाल, परस राम, गंगाराम, मुरलीधर, महावीर साहू, कृपा राम, दिलीप साहू, देवनारायण, खिलुराम साहू, प्रहलाद, नीलकंठ ठाकुर, भोलाराम, मदनलाल, जागेश्वर, रोहित कुमार, हुमन लाल, भोजराम, कृष्ण कुमार, नरेन्द्र कुमार, ढाले"वर, जालम सिंह, टेकराम, नरेश कुमार, अंगे"वर, छत्रपाल साहू, नेमचंद साहू, पंचुराम, काले"वर, देवधर राम उपस्थित थे।

## 20 दिनों में समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया पर नहीं किया, व्यापारी बिफरे

# समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर व्यापार संघ ने नपं कार्यालय को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

नगर पंचायत अधिकारी की सुस्त कार्य शैली से आहत नगर वासीयो और व्यापारीयो की समस्याओं के हल के लिए व्यापारी संघ और किसान संगठन को सड़क की लड़ाई लड़ने आज मजबूर होना पड़ा।समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर शुक्रवार को व्यापारियों नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया।

■ तहसीलदार ने व्यापारियों को आश्वत किया, मामले की बिंदुओं जांच कराई जाएगी

नगर वासियो ने बताया की पूर्व में भीष्म गर्मी के चलते नगर के सभी तालाब सुख जाने से निस्तारी की समस्याओं के बाद भी अधिकारीयों के समाधान न करने से परेशान अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदो व जनप्रतिनिधि जनो द्वारा स्वयं से वार्ड 1 के सूखे तालाब में बेशर्म से पटे कचढ़े को सफाई कराई वहीँ पार में गंदगी स्थल को साफ कर विक्षारोपण किया गया जिसे सहेझना सब की जिम्मेदारी है आज हुई बारिश से किये सफाई के चलते आज तालाब में पानी भरा हैं जिसका वार्ड वासियो ने तारीफ भी की परन्तु आज भी नगर के अन्य तालाब मलबो से पट चुके है जिसे भी जल्द सफाई की आवश्यकता हैं।

### समस्याओं पर गंभीर नहीं

नगर पंचायत डौंडी में पूर्व अधिकारियों, इंजिनियर सहित तत्कालीन जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर विकास के ज्वलंत मुद्दों को कभी भी गंभीरता के साथ नहीं लिया गया है। जिसका दुष्परिणाम आज नगर की जनता व आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। ज्वलंत समस्याओं को लेकर नगरवासी पिछले छह साल से निराकरण किए जाने की मांग करते आ रहे है। मगर इन वर्षों तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है,जिसके चलते वर्तमान व्यापारी संघ द्वारा अपनी छह सूत्रीय मांग को लेकर प्रमुखता के साथ 20 जून को निकाय सीएमओ व कार्यों के रूप रेखा में अहम भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों के साथ समस्या निदान के अहम बैठक रखी गई थी। जहां पर व्यापारी संघ के मांग के अनुरूप रखे गए छह बिंदुओं पर एक सप्ताह में निराकरण किए जाने सीएमओ संतोष देवांगन द्वारा व्यापारियों को आश्वत किया गया था।

जिस पर अधिकारी द्वारा नियमों प्रक्रिया बात दोहराई गई जिससे असंतुष्ट व्यापारियों ने सीएमओ हटाने की मांग तहसीलदार देवेंद्र नेताम के समक्ष रखी। अधिकारी ने भी व्यापारियों की समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुन समझाकर नियमों के तहत प्रक्रिया आगे बढ़ाने प्रस्ताव रखी।

मगर लंबे समय से मांगो का निराकरण नहीं किए जाने की बात पर व्यापारी संघ सीधे जिले के मुखिया कलेक्टर के समक्ष अपनी फरियाद रखने व जिम्मेदारी कार्य के प्रति व्यापारियों की मांगो का अवहेलना करते आ रहे अधिकारी को हटाए जाने मांग पर अड गए। जिसके चलते जिस के आगे यह घेराव छह घंटे तक चली। पूरे समय में तहसीलदार नेताम ने सामंजस्य बिठाने भरपूर कोशिश की अंततः उन्होंने एडीएम चंद्रकांत कौशिक से संपर्क कर व्यापारियों के घेराव मांगो से अवगत कराकर सकारात्मक वार्तालाप किए जाने पहल की गई।डोंडी व्यापारी संघ के द्वारा नगर के एकता व्यापारी संघ से आज के आंदोलन पर समर्थन माँगा गया था जिस पर एकता व्यापारी संघ द्वारा भी सहर्ष बन्द का समर्थन दिया गया। डोंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष सहित प्रमुख व्यापारियों को वार्तालाप के लिए एडीएम कौशिक से बात कराये जाने पर व्यापारी संघ अध्यक्ष तिलक दुबे ने समस्याओं को विस्तार से बताते कहा कि संघ द्वारा छह बिंदुओं पर जो मांग रखी गई थी उसे एक सप्ताह में निदान की बात कहने वाले सीएमओ द्वारा किसी भी समस्या का कोई निदान नहीं किया।

**व्यापारियों की मांगें**

*1. नगर पंचायत के जर्जर व्यवसायिक काम्पलेक्स के संधारण 2. बेसहारा मवेशियों को पंचायत क्षेत्र से हटाने 3. डौण्डी में व्यवहार न्यायालय को आरंभ करने 4. बाजार चौक में महिला प्रसाधन की व्यवस्था 5. बाजार चौंक से सब्जी मार्केट तक स्ट्रीट लगाने 6. नगर के नालियों एवं बाजार एरिया की नियमित साफ सफाई थी व्यापारियों ने नपा घेराव समाप्त की गई। तहसीलदार देवेंद्र नेताम ने व्यापारियों को आश्वत किया कि दिए गए बिंदुओं की प्रमुखता के साथ जांच कराई जाएगी। जिसके बाद नपा अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली पर तत्काल एक्शन लिया जायेगा। किसान संघ ने भी अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों और किसान संघ की मांग और समस्याओं पर बातचीत व निराकरण सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से तहसीलदार देवेंद्र नेताम, सीएसपी चित्रा वर्मा, बालोद डीएसपी बोनिफस एक्का, थाना प्रभारी उमा ठाकुर सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।अध्यक्ष और पार्षदों ने भी खुले रूप से आरोप लगाया कि सीएमओ के द्वारा मनमानी की जाती है। पीआईसी की बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन भी नहीं किया जाता।नगर अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर ने सभी को आश्वासत किया हैं की नगर स्वच्छ सुंदर बनाना हमारी पहली प्रथमिकता हैं जिसे हम सब मिल कर पूरा करेंगे। घेराव और धरना प्रदर्शन में तिलक दुबे, रामलखन राठौर, गैंदलाल मानकर, दीपक जायसवाल, अतीक कुरैशी,भावेश अग्रवाल,रूपेश कुमार, समीर धुर्वे, शिवम सोनी, कमलेश कांबले, नंद लोन्हारे, जगत यादव, रूबी, रजनी जायसवाल, शशिकला, दिव्या सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी और नगरवासी उपस्थित रहे।*

# तांदुला जलाशय में छलांग लगाकर युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरूवार शाम तांदुला जलाशय में कूदकर एक युवती ने आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसके बाद घटना के वक्त वहां मौजूद लोगो ने युवती की जैसे तैसे जान बचाते हुए युवती को तांदुला जलाशय से बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां ईलाज के बाद युवती की जान बच गई। जहां युवती का ईलाज जारी है।

■ मार्निंग वाक पर निकले युवकों ने बचाया, उपचार जारी, कारण अज्ञात

मिली जानकारी के अनुसार युवती झलमला से लगे परसोदा ग्राम की बताई जा रही है। जहां से युवती किस प्रकार से तांदुला जलाशय पहुंची और उसने ऐसा कदम क्यो उठाया इसकी जांच मे पुलिस जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तांदुला मे आत्महत्या करने पहुंची युवती की जान बचने के बाद वह रो रही थी इस दौरान उसने कहा कि अब किसी के ऊपर भरोसा नहीं रहा। मैंने पैसे दिए, सहयोग किया, फिर भी मुझ पर विश्वास नहीं किया। मुझे अब कान्हा के पास जाना है। आखिर युवती का किसके उपर से भरोसा उठ गया व युवती ऐसा कदम वह क्यो उठाना चाह रही थी यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

बालोद थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि युवती का जिला अस्पताल बालोद में इलाज जारी है, युवती बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम परसोदा की रहने वाली है। फिरहाल युवती के स्वस्थ होने का इंतजार किया जा रहा है तथा युवती के स्वस्थ होने के बाद उसका बयान दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद ही युवती द्वारा उठाए गए इस कदम का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### ट्रेन में वीडियो बनाने पर यात्रियों में हुआ विवाद

**बालोद।** रायपुर से बालोद आ रही ट्रेन से सफर कर रही युवतियो का ट्रेन मे बैठे अन्य युवको द्वारा विडियो बनाने का आरोप लगाते हुए दोनो ही पक्ष मे बालोद रेल्वे स्टेशन मे रात को ट्रेन रूकने के बाद बहस हो गई। इस दौरान युवतियो के परिजन भी वहां पहुंच गए। मिली जानकारी के अनुसार रात को रायपुर से ताड़ोकी इलेट्रिरक मेमू ट्रेन जब रायपुर से ट्रेन बालोद पहुंचा तो वहां युवतियो के परिजन भी पहुंच गए और परिजनों का कहना है कि दुर्ग से लेकर बालोद तक कई युवक मोबाइल से युवतियो का वीडियो बना रहे थे तथा युवतियो द्वारा मना करने के बावजूद दुर्व्यव्यहार कर रहे थे। जिसका विरोध करने पर ट्रेन से उतरकर दोनों पक्षो मे झूमाझटकी हुई।

# पुलिस को सूचना दिए बिना उपचार, डाक्टर को मिली नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

पुलिस को बगैर जानकारी दिए खुदखुशी की वारदात को अंजाम देने वाली महिला का प्राथमिक उपचार और रेफर किये जाने के मामले को सीएमएचओ ने संज्ञान में लिया है। मामले में दोषी डॉक्टर को सीएमएचओ ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

■ खुदकुशी की कोशिश, पीड़ित महिला का इलाज करने पर डाक्टर को नोटिस

दरअसल 14 जून को चंदनबिरही की रहने वाली महिला 35 वषएंय महेश्वरी साहू ने जहर का सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। जिसके बाद महिला को गंभीर अवस्था में गुण्डरदेही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया था। महिला का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन इसकी जानकारी न ही पुलिस को दी गई और न ही स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को दी गई। पूरे मामले को लेकर हरिभूमि ने 9 जुलाई के अंक में खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था और डॉक्टर पर महिला की आत्महत्या को दबाये जाने के आरोप को खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था।

### खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आया विभाग

जैसे ही हरिभूमि ने मामले पर खबर प्रकाशित किया उसके बाद बालोद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल.उईके ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ डॉक्टहर पुष्पेन्द्र अग्रवाल को स्पष्टीकरण जवाब के लिए नोटिस जारी किया।

**अधिकारी ने माना डॉक्टर ने की लापरवाही**

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.एल.उइके ने माना कि डॉक्टर पुष्पेन्द्र अग्रवाल ने गंभीर लापरवाही की है। जिसके चलते नोटिस जारी कर सिविल सेवा आचरण के विपरित दण्डनीय माना और डॉ. पुष्पेन्द्र अग्रवाल को नोटिस जारी कर खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुण्डरदेही के स्पष्ट अभिमत सहित स्पष्टीकरण जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। अगर जवाब संतोषप्रद नहीं होगा तो उनके ऊपर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।

### वनरक्षक लंबी कूद प्रशिक्षण स्थगित

**बालोद।** बालोद वनमंडल अंतर्गत डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से वनरक्षक के लंबी कूद हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षण आगामी निर्देश तक स्थगित किया गया है। नोडल अधिकारी एवं वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि बालोद वनमंडल के अंतर्गत बालोद वनमंडल से 13 एवं दुर्ग वनमंडल से 07 सहित वनरक्षक के कुल 20 रिक्त पदों की सीधी भतऍं हेतु मैनुअली (लम्बी कूद) में उपस्थित अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण डिजीटल टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से पुनः आयोजन 12 जुलाई से 15 जुलाई 2025 को मध्य काष्ठागार डिपो वन परिसर दल्ली रोड में प्रस्तावित था। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार भारी बारिश होने से 12 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि दक्षता परीक्षण का आयोजन हेतु तिथि के संबंध में पृथक से सूचना दी जाएगी। इसके साथ ही अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट या हेल्पलाईन नंबर 7587013108 एवं 7587013109 से प्राप्त कर सकते हैं।

# पालिका अध्यक्ष प्रतिभा ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बालोद जिला कलेक्टर से बस स्टैंड की समस्या को लेकर सौजन्य भेंट की। बालोद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने अपनी टीम व बालोद चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के व्यापारियों के साथ बालोद जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से बालोद नगर व बस स्टैंड की समस्या को लेकर सौजन्य भेंट की। ज्ञापन सौपकर उन्हें अवगत कराया कि बारिश के कारण बस स्टैंड में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है, पानी की निकासी सही तरह से नहीं हो पा रही है, जिसके कारण यात्रियों को आने जाने में तथा वहां के व्यापारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का कलेक्टर द्वारा जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन प्राप्त हुआ तथा उनके द्वारा एनएच विभाग के साथ बैठक करने की बात भी कही गई। इस मौके पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, बालोद चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, पार्षदगण में गिरजेश गुप्ता, गोकुल ठाकुर, प्रीतम यादव, सुनीता मनहर, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, कांति साहू, पुष्पा साहू तथा श्रवण टावरी, संतोष पाढ़ी, तरुण बड़तिया, ललित जैन, हेमराज जिज्ञासी, दिलीप श्रीश्रीमाल, राजू लालवानी, चौरड़िया, वैभव राखेचा एवं अन्य व्यापारी उपस्थित थे।



## गांव का माहौल बिगड़ रहा, महिलाओं का आनाजान मुश्किल हुआ

# कुसुमकसा में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी का सबसे बड़ा ग्राम कुसुमकसा में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने में आबकारी विभाग व पुलिस प्रशासन नाकाम साबित हो रही है ,ग्रामीणों में आबकारी विभाग व पुलिस विभाग के कार्यप्रणाली पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

■ चोरी सहित अन्य अपराधों में इजाफा

नाबालिग एवं बेरोजगार युवा वर्ग अपने भविष्य से भटक रहे, बढ़ रहे अपराध के ग्राफ। चोरी सहित अन्य अपराध पनप रहे है जिम्मेदार अधिकारी अगर तमाम अवैध धंधा को रोकने मे कदम उठाए तो जरूर ही कुछ हद तक क्षेत्र मे अपराधो पर अंकुश लग सकता है

अवैध शराब की बिक्री करने वालो के हौसले बुलंद हो गए है। गांव की गली गली में अवैध शराब बिक्री करने वालो की संख्या में रोज इजाफा हो रहा है , इसका बुरा असर गांव के छोटे-छोटे मासूम बच्चों एवं युवा वर्ग पर भी पड़ने लगा है। यही कारण है कि आए दिन परिवारों के बीच मारपीट तथा विवादों की स्थिति निर्मित हो रही है गाँव का शांत वातावरण खराब हो रहा है जिसके चलते गांव के स्कूली बच्चे, युवा, महिलाएं और गांव के अन्य सभी लोग इन समस्याओं से बहुत अधिक परेशान हो रहे है।

**शराब बिक्री 24 घंटे**

गाँव के लोग इन सब परेशानियों के चलते शाम होते घरों से बाहर निकलने तथा चौक-चौराहों में जाने से डरने लगे हैं। अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से गांव के बच्चे, युवा, नशे के आदि होते जा रहे है। और महिलाएं इन शराबियों के चलते घरेलू हिंसा का शिकार हो रहे हैं। आए दिन घरों में लड़ाई-झगड़े होते रहते है, शासकीय देशी शराब दुकान तो निर्धारित समय में खुलती एवं बंद होती है किंतु कुसुमकसा में शराब कोचियों की चलती फिरती दुकान अलसुबह से रात्रि तक 24 घंटे चालू रहती है।

### कोचियों को अधिक मात्रा में मिलती है शराब

मिली जानकारी अनुसार शासकीय देशी शराब दुकान में कोचियो को तय मात्रा से अधिक शराब एक साथ दी जा रही है ,शराब दुकान में बैठे कर्मचारियों द्वारा अवेध शराब बिक्री करने वाले का सहयोग कर रही है तो वही आबकारी विभाग शराब दुकान के कर्मचारियों पर खास मेहरबान नजर आ रहे है जिसके कारण अवेध शराब बिक्री करने वाले पर कोई कार्यवाही ना होने से शराब का अवेध कारोबार कर अधिक लाभ कमाने के चक्कर मे गांव गांव में शराब की अवेध बिक्री बेखौफ चल रहा है जिससे शराब कोचियों की संख्या बढ़ने लगी है।

# खुले में खतरा: वर्षा में हादसे को दावत दे रहे सेप्टिक टैंक के सैकड़ों गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप और पटरीपार के रिहायशी इलाकों और व्यस्ततम सड़कों के किनारे सैकड़ों खुले सैप्टिक टैंक और बोरिंग के गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। गड्ढों में कव्हर नहीं होने से बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना के साथ गंदगी और संक्रामक बीमारी का अंदेशा भी बना हुआ है। इस मामले में बीएसपी और नगर निगम पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों और पार्षदों ने जल्द सभी मेनहोल में कवर लगाने की मांग की है।

मानसून ने शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा परेशानी आवाजाही और सार्वजनिक स्थलों के आसपास जगह जगह खुले गड्ढों से है। बीएसपी टाउनशिप के साथ पटरीपार के नगर निगम क्षेत्रों में गटर और बोरिंग के गड्ठे खुले में खतरा साबित हो रहे हैं। टाउनशिप में ऐसे खुले गटर की संख्या दस बीस नहीं बल्कि सैकड़ों बल्कि हजारों में है। अधिकतर सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे बेकलेन में स्थित सेप्टिक टैंक में कवर गायब हैं। सेक्टर 2, सेक्टर 3, 6,7 सेक्टर 8 और रिसाली व मड़ौदा सेक्टर सहित आफिसर कालोनी सेक्टर 10 व सेक्टर 9 तक में जगह जगह ऐसे गटर के गड्ठे हैं, जिनमें वर्षों से ढक्कन यानी कव्हर नहीं हैं। यह टैंक करीबन 5 फीट गहरे और तीन फीट चौड़े हैं। पिछले तीन दिन से हो रही बारिश से अधिकतर गटर के गड्ठों में पानी भर गया है। यूनियनों ने बताया कि गटर में लबालब भरे गटर से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इनमें बछड़े, सूअर, कुत्ते व बिल्ली आदि आवारा मवेशी गिरते रहते हैं । वहीं रोज खाली बोतलें व प्लास्टिक आदि बीनने आने वाले बच्चों और रहवासियों के भी छोटे बच्चों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। सीवेज की गंदगी व बदबू से संक्रामक बीमारी की भी आशंका बनी हुई है। एटक यूनियन के महासचिव वीके सोनी ने बताया कि कई बार सभी खुले सेप्टिक टैंकों में कवर लगाने की मांग की गई है। अभी बारिश में दुर्घटना व गंदगी को देखते हुए गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

## टाउनशिप व पटरीपार इलाके के सैकड़ों सेप्टिक टैंक में नहीं हैं कव्हर, गड्ढों में भरा पानी

### पंद्रह साल पूर्व सर्वे में 5 हजार बिना कवर वाले गटर होल

टाउनशिप के कई सेक्टरों में सड़कों के किनारे, बाजारों, स्कूलों व भवनों के पीछे या निकटस्थ कई गटर खुले हुए हैं। सेक्टर 6 में डी मार्केट के सामने वाली सड़क किनारे और प्रियदर्शनी अंडरब्रिज रोड में पुराने स्कूल के किनारे 2 गटर के कवर नहीं हैं। सेक्टर 3 में फ्लाइओवर के निकट व सेक्टर 7 में कल्याण कालेज रोड में 3 सेप्टिक टैंक कवर नहीं होने से पानी भरा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2009 में पीएचडी द्वारा करवाए गए सर्वे में पूरे टाउनशिप में 5 हजार गटर ऐसे थे, जिनके ढक्कन नहीं थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी में कवर लगाने का सुझाव दिया गया था। पंद्रह साल बाद भी खुले मे खतरा बने हुए हैं।



### पटरीपार में भी बोरिंग के गड्ढों में पानी

टाउनशिप की तरह पटरीपार के निगम क्षेत्र में भी आवाजाही वाले क्षेत्रों ऐसे कई गड्ढे हैं, जो बारिश में हादसे को दावत दे रहे हैं। इनमें सेप्टिक टैंक के मेनहोल, इंटकवेल टैंक में कवर नहीं हैं। जल स्तर कम होने वाले बोरिंग के गड्ठों और नए हैंडपंप के लिए खोदे गए कई गड्ठों में बारिश में पानी भर जाता है। फोरलेन के किनारे स्लम कृष्णानगर व संजय नगर में कई बोरिंग में जल स्तर कम होने पर बस्ती के लोगों ने तीन से 5 फीट गहरे गड्ठे खोदे हैं। इनमें बर्तन रखकर महिलाएं नीचे नल से पानी भरती हैं। रहवासियों ने बताया कि यह गड्ढे बारिश में लबालब हो जाते हैं। दस साल पूर्व एक बच्ची के डूबने की घटना भी हुई थी।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गुरुवार को एक ठेका मजदूर की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। खुर्सीपार वार्ड 32 बालाजी नगर निवासी जनक लाल वर्मा 54 वर्ष एसएमएस -2 में मजदूरों के साथ क्लीनिंग का कार्य कर रहा था। बताते हैं कि अचानक असहज व बेचैनी महसूस करने से लड़खड़ाने लगा। उसके साथ उसे संभाल पाते इसके पहले ही वह चक्कर खाकर नीचे गिरने लगा। उसे तत्काल मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे ब्राडडेड घोषित कर दिया। उसके शव को सेक्टर नौ हास्पिटल के मर्च्युरी में रखवाया गया है। पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

### सीटू ने देशव्यापी हड़ताल को सफल बताया

**भिलाई।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू ने नौ जुलाई की देशव्यापी हड़ताल को सफल बताते हुए कहा कि किसानों, खेतिहर मजदूरों और श्रमिकों की एकजुटता से ही आंदोलन को कामयाबी मिली। इस हड़ताल से मजदूर वर्ग ने चेतावनी दिया कि महंगाई निजीकरण व मजदूरी संहिता के नाम पर आधुनिक गुलामी को स्वीकार नहीं करेंगे। भिलाई के मजदूर वर्ग के साथ देश के 25 करोड़ से ज्यादा मजदूरों ने भागीदारी की इस हड़ताल में रही। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि मोदी सरकार और कॉर्पोरेट ताकतों को संदेश दिया है कि श्रमिकों के अधिकारों का दमन और शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मूसलाधार बारिश में शहर को व्यवस्थित करने में छूट गए थे पसीने

# सड़कों पर बारिश में अवरोध बने मटेरियल ठेकेदारों की मनमानी पर नगरनिगम मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन की मूसलाधार बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। छोटे-बड़े नाले इतने ऊफान पर आ गए कि निगमों को निकासी व्यवस्था बनाने में पसीने छूट गए। लोगों के घरों में और सड़कों पर पानी ऐसा फैल गया कि आवागमन में दिक्कतें खड़ी हो गई। लोगों को उन स्थानों पर भी परेशानी से जूझना पड़ा जहां सड़कों पर मटेरियल पड़ा था। लेकिन निगमों की मेहरबानी ठेकेदारों पर ऐसी बनी हुई है कि न मटेरियल हटवाया और न ही कोई उपाय किए। लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं।

### बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं पर भी कार्रवाई नहीं

रिसाली के मरोदा ओवरब्रिज नीचे के आसपास ब्लिडिंग मटेरियल विक्रेताओं ने सड़कों में मटेरियल डालकर दुकानदारी कर रहे हैं। हाल यह है कि बीआरपी साइड की ओवरब्रिज के नीचे बकायदा एक दुकानदार में लंबा-चौड़ा कब्जा कर रखा है। सीजनल सामान बेचता है। इसी के नीचे ब्लिडिंग मटेरियल का स्टॉक एकत्र होता है। इससे दूसरे एप्रोच रोड पर बांस का पूरा लॉट का स्टॉक रहता है। उतई की ओर ओवरब्रिज से जैसे ही नीचे उतरेंगे सड़क किनारे कब्जे ही कब्जे हैं। फल फ्रूट , हॉटल से लेकर कई दुकानें संचालित है। यह कब्जा बढ़ता ही जा रहा है।

## लोगों की आवाजाही हो गई है मुश्किल, दुर्घटनाएं भी हो रही

### गिट्टी और रेत सड़क पर



यह तस्वीर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के सामने की है। नेशनल हाइवे रोड है और भिलाई निगम के सामने की नाला निकासी कार्य चल रहा है। महीनों से यह कार्य हो रहा है। इस कार्य का ठेका निगम ने दिया है। नाला बनाने के लिए गिट्टी, रेती जैसे मटेरियल नेशनल हाइवे सड़क पर रखा गया है। बारिश हुई तो यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया। काम हो रहे हैं लेकिन नियमों का पालन नहीं हो रहा। वर्क स्थल पर लोगों को जानकारी मिले ऐसा कोई संकेतक बोर्ड या रेड रिबन का घेरा भी नहीं किया गया है। जिसकी वजह से अचानक दुपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। उसके बाद भी न ठेकेदार ने मटेरियल को व्यवस्थित करने की कोशिश की और न ही निगम ने ठेकेदार को कोई निर्देश दिए।

### रिसाली नाला के पास मलबा डंप



यह तस्वीर रिसाली निगम क्षेत्र की है। सांई मंदिर के सामने व रिसाली सेक्टर मार्ग किनारे करीब आधा किलोमीटर लंबी काली मिट्टी का ढ़ेर लगा हुआ है। बारिश हुई तो मिट्टी बहकर सड़क पर आ गई। मिट्टी ने सेक्टर एरिया से आने वाले जलभराव को आगे बढ़ने से रोक दिया। जब निगम की टीम जेसीबी लेकर आई तो बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था ठीक से नहीं बना पाए। दरअसल सड़क किनारे से बीएसपी द्वारा शिवनाथ नदी से बीएसपी के लिए पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछवाई जा रही है। इस काम को बारिश से पहले ही पूरा करना था लेकिन ठेकेदार ने इसे अधूरा छोड़ दिया है। रिसाली गांव से होकर यह पाइप लाइन गुजर रही है। यहां भी काम सरस्वती नगर से आगे की ओर छोड़ दिया गया है। भरी बारिश में लोगों को आवागमन के लिए जूझना पड़ रहा है।

### पत्र लिखा है

बीएसपी को हमने पत्र लिखा है कि रिसाली सड़क किनारे की मिट्टी को हटाने की कार्रवाई करें। बारिश में यहां पानी निकासी के लिए काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। यह कार्य बीएसपी के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है।

**मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम

# जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिला अस्पताल में बीते बुधवार दोपहर एक प्रसूता की मौत हो गई। मौत के बाद गुरुवार को पीएम के दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों ने कहा प्रबंधन उन्हें गोलमोल जवाब दे रहा है, स्पष्ट रूप से ये नहीं बता रहा की प्रसूता की मौत कैसे हुई है। वहीं सिविल सर्जन ने कहा कि उन्हें अब तक इसकी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

- अधिक ब्लीडिंग के चलते निकाली गई बच्चेदानी
- सीएस ने कहा- शिकायत के बाद होगी जांच

जानकारी के मुताबिक जिस प्रसूता की मौत हुई है उसका नाम आरती सिंह है। वो कुम्हारी के कुगदा गांव की रहने वाली है। उसे बुधवार 9 जुलाई को सुबह अस्पताल में डिलविरी के लिए भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि उनकी बहू की अस्पताल में नॉर्मल डिलिवरी हुई थी। कुछ देर बाद उसको ब्लीडिंग की शिकायत हुई। कहा गया उसकी बच्चेदानी निकालनी पड़ेगी। उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। बच्चादानी निकालने के कुछ देर बाद लगभग दो बजे दोपहर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को मरचुरी में रखवा दिया गया। गुरुवार को उसका पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पीएम के दौरान महिला के पति, सास और अन्य परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये मौत अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते हुई है। उन्होंने मौत का कारण पूछा तो कोई हाई बीपी, कोई हार्ट अटैक कोई अधिक ब्लीडिंग के चलते बता रहा है। अस्पताल का अस्पताल उन्हें गुमराह कर रहा है। इसलिए इस मामले की जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### ऑपरेशन के 20 मिनट बाद हो गई मौत

महिला के पति लोकेश मार्कंडेय ने बताया कि उनकी पत्नी को लेबर पेन हुआ था। उसे बुधवार सुबह 6 बजे दुर्ग जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह 10.35 बजे नॉर्मल डिलिवरी में उसे बेटी हुई। कुछ देर बाद बोला गया कि उसे अधिक ब्लीडिंग हो रही है तो लोकेश ने 6 यूनिट ब्लड का इंतजाम करके दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने बोला कि बच्चेदानी निकालनी पड़ेगी। बच्चेदानी निकालने के बाद उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उसके 20 मिनट के अंदर उसकी पत्नी की मौत हो गई।

## टाउनशिप में जलभराव से बढ़ी समस्या, बैकलेन सफाई और अवैध निर्माण हटाने इंटक की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन दिन की लगातार बरसात से पानी पानी हुई टाउनशिप में जलभराव की विकट समस्या से लोग जूझते रहे। स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक बारिश के कारण बीएसपी क्वार्टरों में पानी भरने पर चिंता जताते हुए प्रबंधन से जल निकासी के लिए तत्काल बेकलेन की सफाई और अवैध निर्माण हटाने की मांग की है।

यूनियन की कार्यकारिणी की गुरुवार को हुई बैठक हुई बारिश के चलते टाउनशिप में जगह जगह जलजमाव और इससे लोगों को होने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई व समस्या के निदान पर जोर दिया गया। उप महासचिव शिव शंकर सिंह ने बताया कि पिछले लगातार वर्षा से कई सेक्टरों में कर्मचारियों के क्वार्टर में पानी भर गया । इसका मुख्य कारण बैकलने की लंबे समय से सफाई नहीं होने व पानी बहाव के रास्तों पर अवैध निर्माण कर लेना है । बरसात की अभी शुरुआत हुई है अभी से लोग परेशान हैं।प्रबंधन जल्द हटाया जाए सफाई व अवैध निर्माण हटाए,ताकि लोगों के घरों में पानी ना घुसे । वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने कहा कि टाउनशिप प्रबंधन ने टारफेल्टिंग का काम शुरू तो किया है लेकिन अभी भी बहुत सारे क्वार्टरों में टाररफेल्टिंग नहीं होने से सीपेज की समस्या बनी हुई है ।

### कब्जों से पानी निकासी नहीं

महासचिव वंश बहादुर सिंह में बताया कि बारिश से सेक्टर 2,4,5,6 सहित अन्य सेक्टर में पानी भर गया। प्रबंधन ने सेक्टर 4 सहित अन्य सेक्टर में अवैध कब्जों को तोड़कर पानी निकलने का रास्ता बनाया लेकिन अभी भी सेक्टर 5 सहित कई सेक्टर में समस्या बनी हुई है । जल्द ही प्रबंधन से मिलकर समस्या के निदान की मांग की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, डीजीएस रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह सहित जीआर सुमन, रेशम राठौर, ताम्रध्वज सिन्हा, किशोर प्रधान, एसपी सिंह, विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का गेस्ट हाउस किया सील



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तोड़ दस्ते ने गुरुवार को टाउनशिप में अवैध कब्जे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में हिंदुस्तान कांपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस की सील कर दिया गया। बेदखली कार्रवाई संपदा न्यायालय के आदेश 2 व 23 मई के आदेश पर की गई। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने सेक्टर 5, सड़क 4 आवास 2 -बी स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के गेस्ट हाउस को सील किया गया। यह कार्यवाही कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढालसिंह बिसेन एवं थाना कोतवाली, सेक्टर6 की पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। आवास सेके अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्यवाही की गई। इस दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही आवास में मौजूद सामानों को सूचीबद्ध करते हुए उनकी जब्ती बनाई गई। खाली कराए गए गेस्ट हाउस के आवास को सील कर दिया गया। पूरी कार्यवाही का पंचनामा रिपोर्ट गवाहों की मौजूदगी में तैयार किया गया ।

## पाटन के कॉलेजों में सीमित विषय, शहर जाना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन क्षेत्र उच्च शिक्षा के मामले में पिछड़ रहा है। यहां से पढ़े विद्यार्थी देश-विदेश में अपनी पहुंच रखते हैं लेकिन यहां महाविद्यालयों में ऐसे बहुत से जरूरी पाठ्यक्रम की उपलब्धता नहीं है, जिनकी वजह से विद्यार्थी शहरों की ओर रुख करते हैं। यहां शासकीय महाविद्यालय पाटन , जाम गांव आर और रानीतराई संचालित हो रहे हैं ,परंतु यहां के छात्रों बीए, बीएससी, बीकॉम और पीजीडीसीए के अलावा अन्य विषयों की पढ़ाई नहीं हो रही है। स्थानीय छात्र बि. लिब , एम लिब, बीपीएड, एमपीएड एलएलबी, पॉलिटेक्निक ,संगीत और पत्रकारिता जैसे विषयों के पढ़ाई के लिए दुर्ग, भिलाई, रायपुर ,बिलासपुर जैसे शहरों की की तरफ जाते हैं। जहां निजी कालेज में इन्हें मोटी फीस देना पड़ती है। पाटन मे शिक्षा का स्तर तो ऊंचा है, परंतु स्थानीय महाविद्यालयो पर इन विषयों का संचालन नहीं होता है, इस कारण यहां के छात्रों को भटकना पड़ता है। पाटन क्षेत्र के ग्रामीण छात्रों की मांग है कि क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय में इन विषयों का संचालन शुरू किया जाए, ताकि उन्हें कम फीस पर अच्छी शिक्षा मिल सके।



- डीएड, बीएड,पॉलिटेक्निक ,एलएलबी पढ़ने छात्र भटकने को मजबूर

पाटन ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां के लोग शहरों में नहीं जा सकते जिसके लिए उन्हें स्थानीय महाविद्यालय में प्रवेश लेना पड़ता है। यहां रानीतराई, जामगांव और पाटन में बीए,बीएससी, बीकॉम ,पीजीडीसीए और एमएससी विषयों को पढ़ना पड़ता है अगर उन्हें दूसरे विषय में पढ़ाई करना है तो उन्हें दुर्ग, भिलाई, रायपुर और बिलासपुर जाना ही पड़ेगा। पाटन क्षेत्र के लोग ज्यादातर कृषि पर निर्भर हैं वे महंगी शिक्षा के कारण बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने में असमर्थ हो रहे हैं । पाटन क्षेत्र जो की कृषि आधारित जनसंख्या है यहां के ज्यादातर लोग खेती बाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। जिसके कारण वह अपने बच्चों को बड़े शहर के बड़े कालेजों में नहीं पढ़ा सकते और उन्हें छोटे विषयों की पढ़ाई तक ही सीमित रह जाना पड़ता है। आखिर में थक हार शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ।

### प्राइवेट कॉलेज में फीस अधिक

डीएड बीएड ,पॉलिटेक्निक,एलएलबी बि लिब एम लिब, बीपीएड, एमपीएड, संगीत और पत्रकारिता जैसे पाठ्यक्रम का संचालन बड़े शहरों में होता है। इनमें भी ज्यादातर विषय प्राइवेट कॉलेजों में ही है और वहां पढ़ने के लिए ज्यादा फीस लगती है। पाटन क्षेत्र के बच्चे ग्रामीण परिवेश से पले बड़े होते हैं और उनके माता-पिता कृषि पर निर्भर है। इसलिए वे प्राइवेट कॉलेज के मोटी रकम को नहीं दे पाते इसलिए उन्हें उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है।

## जतिन दास की आकर्षक कलाकृति व उद्यान का निर्माण अंतिम चरण में

# इस्पातनगरी भिलाई की शान बढ़ाएगी लाइट ऑफ स्टील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश के प्रख्यात कलाकार जतिन दास की आकर्षक कलाकृति अब इस्पात नगरी के ह्दयस्थल की शान बढ़ाएगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम के निकट मैदान में निर्माणाधीन आकर्षक उद्यान स्टील आफ लिबर्टी नामक क्लासिक कलाकृति का निर्माण अंतिम चरण में है। जल्द ही खुद जतिन दास इसका उद्घाटन करने भिलाई आएंगे।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रसिद्ध कलाकार जतिन दास की कलाकृति के लिए भिलाई निवास के निकट मैदान में आकर्षक उद्यान का निर्माण किया जा रहा है। कला और बीएसपी के फौलाद उत्पादन के संगम पर केंद्रित उनकी संदेशपरक मोहक कलाकृति भिलाई के साथ अंचल को भी लुभाएगी। कलाकृति को स्थापित करने के लिए खुले स्पेस के बीच हरितिमा से परिपूर्ण उद्यान का निर्माण कराया जा रहा है।

इसका तीन चौथाई निर्माण हो चुका है। स्वंय जतिन दास के मार्गदर्शन में कलाकृति उद्यान का नर्माण हो कराया जा रहा है। वे बीच बीच में इसका अवलोकन करने के लिए भी भिलाई आते हैं। आफ स्टील उद्यान का निर्माण कार्य पूर्ण होते जल्द ही वे इसके उद्घाटन के लिए भिलाई आएंगे।

### जल्द कलाकार जतिन करेंगे उद्घाटन



### सेक्टर 1 चौक से हुई स्थानांतरित

गौरतलब हो कि डेढ़ दशक पूर्व कलाकार जतिन दास से मार्गदर्शन में उनकी यह इक्विपमेंट नामक यह कलाकृति लाइट ऑफ स्टील सेक्टर 1 चौक में स्थापित की गई थी। इसके उद्घाटन के लिए भी बीएसपी ने कलाकार जतिन दास को आमंत्रित किया था। उनकी कलाकृति के स्थापाना के बाद से इस चौक का नामकरण इक्विपमेंट चौक किया गया था। लेकिन स्टील की पत्तियों व आर्टिकल से तैयार इस कलाकृति को आमजन बोलचाल की भाषा मुर्गा चौक कहने लगे। इस दौरान यहां बीएसपी के फ्लाइओवर का निर्माण होने से इस कलाकृति हटाना पड़ा। इसकी सूचना जतिन दास को मिलने पर उन्होंने सम्मानपूर्वक उनकी कलाकृति को यथोचित स्थल पर स्थापित करने बीएसपी से कहा था। उनका सम्मान करते हुए बीएसपी ने भिलाई निवास मैदान में उद्यान बनाकर उनकी कलाकृति को आकर्षक रुप से उन्हीं के मार्गदर्शन में उद्यान का निर्माण कर स्थापित कराया जा रहा है।

## शर्तों के आधार पर मिली शिव महापुराण कथा की अनुमति

**भिलाई।** भिलाई टाउनशिप के जयंती स्टेडियम में 30 जुलाई से 5 अगस्त तक आयोजित होने वाली पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले की शिव महापुराण कथा का आयोजन निर्धारित तिथि पर ही होगा। इसके लिए एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने अनुमति दे दी है। दुर्ग पुलिस ने एसडीएम पिस्दा को अनुमति ना देने के लिए एक पत्र लिखा था, जिसके आधार पर ऐसा लग रहा था कि आयोजन की अनुमति नहीं मिल सकती है। एसडीएम भिलाई नगर हितेश पिस्दा ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने बारिश के मौसम को देखते हुए 15 बिंदुओं पर समस्या बताते आयोजन की अनुमति ना देने के लिए पत्र लिखा था। इसके बाद आयोजनकर्ता बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति भिलाई के निवेदन पर उन्होंने एएसपी सिटी और सीएसपी के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कुछ शर्तों के साथ आयोजन की अनुमति दी गई है।

इन शर्तों को करना होगा पूरा

1- भक्तों की संख्या के आधार पर वाटरप्रूफ पंडाल लगाए जाएंगे।
2- सभा स्थल का हर एक कोना सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।
3- इलेक्ट्रिक वायर को मानक के मुताबिक लगाया जाएगा।
4- प्रकाश व्यवस्था की समुचित व्यवस्था होगी।
5- 8 से अधिक प्रवेश द्वार के साथ ही एक इमरजेंसी एग्जिट बनाना होगा।
6- सुरक्षा के पुख्ता इंजाम किए जाएंगे।
7- पेय जल और चलित शौचालय की व्यवस्था करनी होगी।

# पीएम आवास निर्माण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के निर्माण कार्यों की दो पाली में जनपद पंचायत दुर्ग एवं जनपद पंचायत पाटन समीक्षा बैठक ली। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। दो पाली में बैठक दुर्ग एवं पाटन में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्र.मं.आ.यो.ग्रा., सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जनपद पंचायत दुर्ग एवं पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक, नोडल अधिकारी, सचिव एवं आवास मित्र उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने कहा बेघर को घर देने वाली यह एक महत्वपूर्ण योजना है। आवास निर्माण में लापरवाही पर त्वरित कार्यवाही प्रस्तावित किया जावेगा उन्होने कहा कि बैठक में आवास के नोडल, ग्राम पंचायत सचिव, आवास मित्र सप्ताह में दो दिन आवश्यक रूप से भ्रमण करें। रूचि नहीं ले रहे हितग्राही को निर्माण कार्य के लिए प्रोत्सहित करेंगे।

## जो हितग्राही आवास बनाने रुचि नहीं ले रहे उनका प्रकरण किया जाए निरस्त

### रुचि नहीं लेने वालों का ग्रामसभा में निरस्त के लिए लाएं प्रस्ताव

ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा रूचि नही लिया जा रहा हैं ऐसे समस्त आवासों को ग्राम सभा के माध्यम से 15 जुलाई तक निरस्त के लिए प्रस्तावित किया जाए। आवास प्लस 2.0 के माध्यम से हितग्राहियों का जनपद पंचायत दुर्ग के 25194 में से 8084 आवासों एवं जनपद पंचायत पाटन के 34570 में से 12022 आवासों के सत्यापन का कार्य नोडल अधिकारी द्वारा 31 जुलाई, 2025 तक शत प्रतिशत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।



### लगातार दी जा रही किश्त की राशि

मुख्यमंत्री अवास योजना ग्रामीण में शासन द्वारा लगातार किश्त की राशि प्रदाय की जा रही है, वर्तमान स्थिति में जनपद पंचायत दुर्ग के प्रथम किश्त अप्रारंभ 98 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 122 आवास इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन के प्रथम किश्त अप्रारंभ 147 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 188 आवास है। जिन्हें शीघ्र प्रारंभ, पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

### अधूरे कार्य पूर्ण कराएं

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण राज्य कार्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 31 जुलाई, 2025 तक जनपद पंचायत दुर्ग के 501 एवं जनपद पंचायत पाटन के 282 प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराये जाने एवं 20 सितम्बर 2025 तक जनपद पंचायत दुर्ग के 823 एवं जनपद पंचायत पाटन के 1279 द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। हितग्राही को समझाईश दे कि शासन से प्राप्त आवास राशि सही उपयोग किया जावें समय -समय पर आवास गुणवत्ता को ध्यान रखते हुये निर्माण कार्य को पूर्ण किया जाए। वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक ऐसे अपूर्ण आवास जिन्हें तृतीय किश्त की राशि प्रदाय की जा चुकी है, उन सभी आवासों को ग्राम पंचायत से समन्वय कर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## खबर संक्षेप

### 2 दिन के लिए स्कूलों में छुट्टी घोषित करने की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसो. के प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय ने भारी बारिश और खराब मौसम के चलते दुर्ग जिला कलेक्टर से अगले दो दिनों के लिए जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी स्कूलों में छुट्टी देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि भारी बारिश के चलते जिले के अधिकांश क्षेत्रों में नदी और नालों में उफान और कई स्थानों पर पुलों के ऊपर खतरनाक स्तर तक पानी भारी होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को संभावित जान का जोखिम है। जिससे किसी भी विद्यार्थी और शिक्षक को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने की स्थिति उत्पन्न न हो।

### मिली 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढ़ाबा जिला दुर्ग निवासी मृतिका नीता बाई विगत 11 जनवरी 2024 को आग में जल जाने के पश्चात ओम अस्पताल रायपुर में उपचार के दौरान 18 जनवरी 2024 को मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम नगपुरा निवासी मृतिका बिराजो बाई विगत 27 अगस्त 2024 को एनीकेट शिवनाथ नदी के गहरे पानी में डुबने से एवं ग्राम निकुम निवासी मृतक डिलेश कुमार पटेल विगत 18 जनवरी 2023 को आग से जल जाने के पश्चात उपचार के दौरान 21 मार्च 2023 को मृत्यु हुई थी।

## पर्व : जन्मदिन, दीक्षा और अनुशासन संस्कार दिया गया

# गुरु पूर्णिमा पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विविध संस्कार व अनुष्ठानों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दिव्य वातावरण में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार से प्रेरित तथा गायत्री परिवार ट्रस्ट डौंडी लोहारा के सौजन्य से किया गया।

इस विशेष अवसर पर एक साथ कई शुभ कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जन्मदिवस संस्कार, दीक्षा संस्कार 09, पुंसवन संस्कार 07, अन्नप्राशन संस्कार 02, एवं अन्य 40 दिवसीय अनुष्ठान में 20 भाई बहनों ने संकल्प लिया। यह अनुष्ठान ब्लॉक के अधिक से अधिक एवं स्थानीय एवं आस-पास के क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु भाई-बहनों ने विधिपूर्वक संकल्प लिया। समस्त अनुष्ठान पूर्ण विधि विधान एवं यज्ञीय परंपराओं के अनुरूप सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से गायत्री परिवारों ने अपने नवजात शिशुओं के लिए अन्नप्राशन कराया, युवाओं ने जीवन में संकल्प लेकर दीक्षा ग्रहण की, वहीं कुछ लोगों ने पुनः नाम संस्कार के माध्यम से अपने जीवन में नवदिशा का वरण किया। कार्यक्रम के संयोजक भोला राम साहू ने बताया कि "गायत्री महायज्ञ न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का साधन है, बल्कि यह समाज में संस्कारयुक्त जीवन को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। इतने बड़े स्तर पर एक साथ इतने संस्कार होना समाज में नवचेतना के संचार का प्रतीक है।"कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, ट्रस्टी में के आर कुलदीप, लूणकरण ठाकुर, सेवा मंडावी ,मिलन सिन्हा, लता देवी साहू, पुराणिक सोरी, पीलू राम साहू, वीरेन्द्र कुमार बघेल, तुलसी साहू, रेखा साहू, विशंभर बघमरिया, कौशल्या बघमारिया, पद्मनी सोरी, विदेशी चौहान, सावित्री कवर, कुमार सहारे, नागदत नेताम, पवन टेभुरने, गिरवर कोलियारे, चंद्रकुमार लार्यवंशी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अंत में समस्त उपस्थित साधकों एवं श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र एवं शांतिकुंज से जुड़े आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया

### ग्राम कोसागोंदी में पुरोहित के सांनिध्य में गुरु पूर्णिमा मनाई



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कोसागोंदी में ग्राम पुरोहित शैलेन्द्र किरण शर्मा के तत्वाधान में और ग्रामवासी कोसागोंदी के सहयोग से गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। जिसमें पं. सौरभ शर्मा के गुरुवचन प्राप्त हुए। गुरुपूर्णिमा विगत सात वर्षो से मनाया जा रहा है। संगीतमय भजनों से समस्त श्रद्धालुओं ने आनंद प्राप्त की। जिसमे बालोद, धमतरी, जामगांव, दुर्ग, गोपालपुरी, चारभाठा, अंडा, पौहा, भटगांव, भखारा, सिहावा नगरी, कोसागोंदी, पिकरी पार, अरमरीकला, कुम्हली, परसदा व आस पास से श्रद्धालुओं के आगमन पर बेल पौधारोपण व वितरण सहित भोजन प्रसादी, गुरुपूर्णिमा पर्व आनंदमय सम्पन्न कराया गया। बालव्यास भगवताचार्य सौरभ शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा को बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार और पर्व माना जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मनाते हैं, इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म भी हुआ था इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं, साथ ही कहा कि सब का कल्याण हो और गांव के साथ देश का भी मंगलकामना किया और पौधारोपण करके पर्यावरण सरंक्षण को बढ़ावा दिया साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी शिष्य गण, भक्तजन एवं सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

### कर्मा कालेज में गिफ्ट देकर गुरुओं का किया सम्मान

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस एवं भारतीय शिक्षण मंडल छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वधान में व्यास पूजा का आयेजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया, सभी छात्र -छात्रएं महाविद्यालय के सभी गुरुजनों को उपहार भेट कर आशीर्वाद लिए। सांथ ही महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला संगठक बालोद डॉ.लीना साहू ने गुरु की महिमा को बताते हुए आज के दिन की महत्व एवं आवश्कता को बताते हुए छात्रें को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम अधिकारी डिगेंद्र साहू ने कहा कि महर्षि वेद व्यास जी का जन्म 3000 ई.पूर्व में हुआ। उन्होंने भागवत महापुराण महाभारत और वेदों को चार भागों में बांटा, इसलिए व्यास जी वेद व्यास कहा जाता हैं और मानव जाति के प्रथम गुरु के रूप में पूजे जाते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ आशारानी दिल्लीवार, हेमंत साहू, किरण साहू, शुभाष देवांगन सहित स्टाफ व छात्र छात्रए उपस्थित थे।



## वायुसेना भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 तक कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय वायुसेना भतऍ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों हेतु अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भतऍ हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जलाई तक वायुसेना के वेबसाईट में जाकर पंजीयन करना होगा। जिसकी ऑनलाईन लिखित परीक्षा 25 सितंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय, त्रिवषऍय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या 12वीं परीक्षा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152 सेमी. एवं महिला हेतु 152 सेमी तथा सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी तथा महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, –ष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा तत्पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भतऍ के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। इसके साथ ही 04 वर्ष की सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी वायुसेना के वेबसाईट या दूरभाष क्र. 07552861955 तथा जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के दूरभाष क्र. 07749–299509 से प्राप्त कर सकते हैं।

■ लिखित परीक्षा 25 सितंबर को आयोजित की जाएगी

## चिल्हाटीकला की खुशी का प्रयास में हुआ चयन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत बच्चे खुशी साहू पिता शत्रुहन कुमार साहू का प्रयास विद्यालय में चयनित होने पर न्यौता भोज दिया गया।इस अवसर पर न्यौता भोज में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पुड़ी व बड़ा खिलाया गया।

सभी बच्चों को स्वयं खुशी साहू व उसकी मां ने अपने हाथों से भोजन परोसा।इस न्यौता भोज कार्यक्रम के लिए शाला के प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री राजेश यादव, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा सहायक शिक्षिका रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू व संकुल समन्वयक श्री थानेश्वर लाल साहू जी ने प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित हुए बच्चे के पालक को न्यौता भोज के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा चयनित बच्चे के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।इस अवसर पर रसोईया पत्रिका बाई, यमुना यादव का विशेष योगदान रहा।



## प्राचार्य और प्राध्यापकों का गुरु पूर्णिमा पर गिफ्ट देकर स्वागत

**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर भरर में सम्मान समारोह आयोजित कर प्राचार्य एवं प्राध्यापकों को श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल, प्रो. नीता कुम्हारे, रजनीश तिवारी, डॉ. आबिद हासन खान, ऐश्वर्य ठाकुर, चेतना सोनी, मनोज यादव, मुकेश कठोटिया, संतोष पांडे एवं पूरन लाल शर्मा का सम्मान किया गया। शिक्षा के साथ संस्कार अत्यावश्यक मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि अनादिकाल से गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है। शिष्य गुरु से शिक्षा प्राप्त कर अपना जीवन संवारता है।



वर्तमान में शिक्षा के साथ संस्कार की आवश्यकता समय की ज्वलंत मांग हो चली है। संस्कार के गिरते स्तर ने गुरु शिष्य संबंधों को भी कमतर किया है जो विडंबना है। उन्होंने कहा शिक्षक केवल पढ़ाने वाला ही नहीं शिष्य के नब्ज को समझकर जौहरी की भांति पत्थर को हीरा की तरह तरासने वाला भी होता है। तब शिष्य के ज्ञान गुरुत्व में गुरु सदा गुरुत्वाकर्षण के केंद्र में स्थापित हो जाता है। तभी तो विद्याथऍ जीवन के बाद भी विद्याथऍ अपने शिविल जीवन में अपने गुरु जनो को बड़े गर्व से याद करते है। गुरुजन सम्मान समारोह में महाविद्यालय विकास समिति अध्यक्ष नरेश केला, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, मंडल महामंत्री पूर्णेन्द्र सिन्हा, उपसरपंच मुकेश साहू, सेजस के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू एवं शेखर निर्मलकर उपस्थित थे।

## कचरा संग्रह के लिए निगम ने खरीदे 120 नए रिक्शे, होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा के साथ शहर क्षेत्र में घर घर कचरा संग्रह करने 120 नए कचरा रिक्शा का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसेफ, गुलशन साहू, सरिता चन्द्राकर, ललिता ठाकुर, मनोज सोनी, संभव सोनी, पीआईयू शेखर दुबे, राहुल सहित अन्य मौजूद रहें। बता दे कि शहर क्षेत्र के लिए 120 कचरा कलेक्शन रिक्शा लिया गया है। 60 वार्डो के हर एक वार्ड के लिए दो नए रिक्शा घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करेंगे और इससे शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कचरा रिक्शा का शुभारंभ किया। महापौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्वच्छता के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। शहर को देश में सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। शहर की स्वच्छता की पहचान साफ सफाई से होती जाती है। इसके लिए कचरा कलेक्शन पर और ज्यादा जोर दिया जा रहा है। निगम द्वारा कचरा कलेक्शन के लिए 120 कचरा कलेक्शन पहुची है, इनके जरिए डोर टू डोर कचरा लिया जाएगा।

■ महापौर ने पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ



## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का स्कूलों में पड़ा सकारात्मक प्रभाव

# हाईस्कूल दनिया में विषयों के चार नए शिक्षकों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। जिले के ब्लॉक धमधा के अंतर्गत हाई स्कूल दनिया में इस प्रक्रिया के अंतर्गत चार नए विषयों के शिक्षकों की तैनाती की गई है, जिससे विद्यार्थियों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। हाई स्कूल दनिया में पढ़ने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा हितेश्वरी बताती हैं पहले स्कूल में शिक्षकों की कमी के कारण कई विषयों की पढ़ाई नियमित नहीं हो पाती थी। अब विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेज़ी जैसे विषयों के शिक्षक मिल गए हैं। इससे हमें अब ट्यूशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

■ ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार

### शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में होगी सहायक

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का उद्देश्य शिक्षकों का प्रभावी पुनर्विनियोजन कर ऐसी जगहों पर उनकी नियुक्ति करना है, जहाँ शिक्षकों की आवश्यकता अधिक है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है बल्कि इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को भी नई दिशा मिल रही है।



### विद्यार्थी नियमित आ रहे स्कूल

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है। अब प्रत्येक विषय के लिए प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को पढ़ाई में बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। प्राचार्य ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

## छात्रावास अधीक्षकों की संभाग स्तरीय काउंसिलिंग 14 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2022-23 एवं 2025 में पदोन्नत हुए छात्रावास अधीक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना किया जाएगा। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभाग अंतर्गत दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी के कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर अवगत कराया है कि जिले में पदस्थ छात्रावास अधीक्षकों का संभाग स्तरीय काउंसलिंग के लिए प्रस्ताव एवं रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय आयुक्त दुर्ग संभाग को उपलब्ध कराया गया है। जिसके आधार पर छात्रावास अधीक्षकों की वरिष्ठता सूची एवं संभाग में रिक्त पदों की सूची तैयार की गई है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने उक्त वरिष्ठता सूची एवं रिक्त पदों की सूची संबंधित कलेक्टोरेट कार्यालय एवं जिले की वेबसाइट में प्रकाशित कर संलग्न सूची अनुसार कर्मचारियों को सूचित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 11 जुलाई तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक सुसंगत दस्तावेज सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। संभाग स्तरीय काउंसलिंग की तिथि 14 जुलाई निर्धारित की गई है।

■ काउंसलिंग से होगी छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना

## खबर संक्षेप



### संमति एजुकेशन सोसाइटी के प्रतीक जैन बने अध्यक्ष

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। साथ ही सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के नए अध्यक्ष के रूप में श्री प्रतीक जैन को मनोनीत किया गया, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, वरिष्ठ सदस्य के रूप में नोपचंद जैन, रवि जैन एवं श्रीमती प्रभा जैन मनोनीत किए गए।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी

**बालोद।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बालोद ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की प्रतीक्षा सूची का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रवेश हेतु प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग का समय एवं स्थान भी निर्धारित कर दी गई है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक की काउंसलिंग 15 जुलाई को, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 16 जुलाई को, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक एवं बालिका तथा सामान्य वर्ग एवं अल्प संख्यक बालक एवं बालिका हेतु 18 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची में दर्शित विद्याथएँ काउंसलिंग हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते है।

### जीवनदीप समिति की बैठक में समस्याओं पर की चर्चा




**गुण्डरदेही।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही में जीवनदीप समिति का बैठक समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें क्षेत्र के नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सरपंच ग्राम पंचायत कलंगपुर पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मारकंडे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलंगपुर में एमबीबीएस चिकित्सक व स्टाफ नर्स की व्यवस्था करने हेतु मांग पत्र प्रेषित किया। साथ ही सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलंगपुर प्रभारी हिरमनी ठाकुर व धर्मेंद्र फशएॅन्द के साथ स्वास्थ्य केंद्र हेतु महिला-पुरूष के लिए वार्ड पार्टिशियन, खिड़कियों में स्लाइडर निर्माण, भवन परिसर में चेकर टाइल्स निर्माण, शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण, सेक्टर मीटिंग हेतु नया भवन निर्माण कार्य की आवश्यकता हेतु चर्चा करते हुए प्रस्ताव किया गया। उक्त सभी चर्चा एवं मांग पर कलंगपुर जनपद क्षेत्र की जनपद सदस्य वंदना राजेन्द्र हिरवानी की अहम भूमिका रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, सफेद दाग, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## शिविर : राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जाब कार्ड वितरित

# पोड़ व गुजरा के लाभ संतृप्ति शिविरों से सैकड़ों ग्रामीण हुआ लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन निरंतर जारी है।

इसके अंतर्गत जिले के अंतिम छोर में कांकेर जिले के सीमा में स्थित गुरूर विकासखण्ड के सुदूर ग्राम पोड़ एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों में आदिवासी वर्ग के अनेक हितग्राहियों को विभिन्न शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभन्वित किया गया। आज आयोजित शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को नया आयुष्मान कार्ड, की सौगात मिलने के अलावा इन वर्गों के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से अपने समस्याओं के निराकरण तथा शासकीय योजनाओं के लाभ लेने के लिए प्रयासरत हितग्राहियों को उनके गांव में ही आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर के माध्यम से उनके बहुप्रतीक्षित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण होने पर आदिवासी वर्ग के हितग्राही एवं ग्रामीण बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में तामेश्वरी एवं रूपेश कुमार बढ़ाई, नोहर



मण्डावी एवं अनसुईया प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत उनके खाता खुलने एवं बीमा करने की कार्रवाई से खुश होकर केन्द्र सरकार के द्वारा आयोजित इस लाभ संतृप्ति शिविर की भूरी-भूरी सराहना की। इसी तरह महेन्द्र कुमार, नोहर मण्डावी एवं रूपेश कुमार ने उनके ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत उनके खाता खुलवाने एवं बीमा करने की कार्रवाई पूरा होने पर प्रसन्नचित होकर शिविर आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की।

### लाभान्वित हितग्राही

उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 04 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 04 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 01 हितग्राहियों को अटल पेंशन योजना से लाभान्वित करने के अलावा 01 हितग्राही का जनधन खाता खोला गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 18 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड एवं 10 हितग्राहियों का जनधन खाता अंतर्गत खाता खोलने एवं बीमा करने की कार्रवाई की गई।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

इसके अलावा शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार 14 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कोचवाही एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भरएँटोला 36 में शिविर का आयोजन किया गया है।

### अटल पेंशन योजना का लाभ

इसी तरह आज अपने गांव पोड़ में ही आयोजित शिविर में अटल पेंशन योजना का लाभ मिलने से बुजुर्ग खुलेश्वरी बाई एवं हनुमान सिंह ने उनके मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आयोजित की जा रही इस लाभ संतृप्ति शिविर के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की है। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत उनके गांव में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में उन्हें अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने से अब उनको जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय तथा अन्य शासकीय कार्यालयों में आने-जाने की समस्या से मुक्ति मिली है। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा में आयोजित शिविर में पहुँची बुजुर्ग महिला कुंती और सुखिया बाई ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनने पर खुशी जताई। ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार के द्वारा हमारे जैसे अनेक आम नागरिकों के वास्तविक समस्याओं का पड़ताल कर लाभ संतृप्ति शिविरों के आयोजन के माध्यम से इसके निराकरण का अभिनव प्रयास किया गया है। वह वास्तव में अत्यंत जनहितैषी कदम एवं काबिले-तारीफ है। ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने आशा व्यक्त किया कि शिविरों के माध्यम से आदिवासी परिवार के अनेक हितग्राहियों के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर टटेंगा विद्यालय की छात्राओं ने की गुरु वंदना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में गुरु के प्रति आस्था व विश्वास प्रकट करने का पर्व गुरु पूर्णिमा प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में मनाया गया। सरस्वती मां के पूजन के पश्चात सुमन और तारिणी ने वंदना प्रस्तुत की। अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी उजाले की ओर ले जाने वाले गुरुओं की महिमा का पल्लवी, मुस्कान, गुमान निषाद, वेदिका साहू, भारती साहू, इंद्रजीत कसार, नीलकमल साहू, अंजलि साहू, कुसुम साहू ने गीत, कविता और भाषणों के माध्यम से किया। प्राचार्य ने कहा कि हमें खुद अर्जुन, आरुणि, स्वामी विवेकानंद जैसे उत्तम शिष्य बनना चाहिए। हमें अपने गुरुओं के प्रति पूर्ण आस्था व श्रद्धा होनी चाहिए। प्रयोगशाला सहायक वेद प्रकाश साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि इस भौतिक जगत में गुरु के आशीर्वाद से सब कुछ संभव हो सकता है। गुरु यदि दंड भी देते है तो सहारा भी देते है। इस दौरान उन्होंने तुलसीदास जी की चौपाई और कबीर दास जी के दोहों का उल्लेख किया। इस दौरान विद्यालय के व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हेपशिबा एंथोनी, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु साहू, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम के साथ शाला परिवार उपस्थित थे।

### बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर के लिए आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** जिले में प्राकृतिक खेती योजना अंतर्गत बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के चयनित विकासखण्ड डौण्डी, डौण्डलोहारा एवं गुरूर से 02-2 कलस्टर तथा बालोद विकासखण्ड से 01 कलस्टर के लिए बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) स्थापित करने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यरत इच्छुक एफ.पी.ओ., स्व सहायता समूह, सहकारी समिति, स्थानीय ग्रामीण इन्टरप्रेन्योर्स द्वारा 20 जुलाई 2025 को शाम 05 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ —षि विकास अधिकारी विकासखण्ड डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुरुर, बालोद एवं उप संचालक कृषि कार्यालय बालोद में संलग्न आवेदन प्रपत्र प्रारुप में रिजस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन या कार्यालय उप संचालक कृषि बालोद, न्यू टाउन हॉल पी. डब्लू.डी. कालोनी के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं।

## विनायकपुर विद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज:अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में प्राचार्य के आदेशानुसार एवं रेडक्रॉस के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया।

इसके अंतर्गत रेडक्रॉस के वालेंटीयर्स द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के जागरूकता हेतु चित्रकला एवम निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे निबंध में कक्षा 12 वी से प्रथम अमरीका सफहा, व्दितीय गोदावरी साहू तृतीय भेनु देवांगन एवम चित्रकला में प्रथम कक्षा 9वी से रितिका देवांगन, व्दितीय कक्षा 12वी से झमिता देशमुख एवम तृतीय कक्षा 12वी से गिरिजा निषाद रही। इस कार्यक्रम आयोजन रेडक्रास प्रभारी प्रेमलता योगी देवांगन ने प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत के दिशा निर्देश में पूरे शाला परिवार के सदस्यों भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा



कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकर, तरुण साहू , देव आशीष के सहयोग से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के लिए यह बहुत लाभदायक रहा क्योंकि उन्हें जानकारी दी गई कि जनसंख्या में वृध्दि होने से हमारे वातावरण का नुकसान होता हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति सही नही रहता, बच्चो को शिक्षा नहीं मिल पाती, कम उम्र में शादी कर दी जाती हैं, इन सब परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमें जनसंख्या पर नियंत्रण करना आवश्यक हैं ये जानकारी सभी विद्यार्थियों ने ध्यान पूर्वक लिया और अपने घर वालो को जानकारी देने के लिये कहा गया।

## नो पार्किंग और फुटपाथ पर कब्जा, की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था और बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने आज संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई

- 12 वाहनों पर 14 दुकानदारों पर की कार्रवाई

की। मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने और ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

इस कार्रवाई में एसडीएम सुरेश साहू, थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय समेत राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मोर्चा संभाला। अभियान के तहत 12 वाहनों को नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ा पाए जाने पर चालान काटा गया, जिससे 3600 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।



वहीं, 14 दुकानदारों द्वारा किए गए फुटपाथ अतिक्रमण पर 8500 रुपये का जुर्माना ठोका गया।

कार्रवाई के दौरान टीम ने सख्त हिदायत दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या ट्रैफिक बाधा पाए जाने पर और अधिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी उन व्यापारियों और वाहन चालकों के लिए स्पष्ट संदेश है, जो सार्वजनिक स्थानों को निजी संपत्ति समझ बैठे हैं। ज्ञात हो कि दल्लीराजहरा के प्रमुख बाजारों और मार्गों में अतिक्रमण और नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के कारण आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या से निजात दिलाने यह अभियान चलाया गया, जो आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है।

## झमाझम वर्षा के बाद खेती- किसानी का काम जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लगातार हो रही बारिश से खेतों में भरपूर जल की मात्र आ चुकी है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। राज्य शासन द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।



जिसके तहत बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में निरंतर ही किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के प्रबंधक ने बताया कि समिति के माध्यम से अब तक 300 टन से अधिक रासायनिक खाद, 150 क्विंटल से अधिक बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वितरीत किए गए खाद में 100 टन युरिया, 102 टन सुपर फास्फेट, 60 टन पोटाश, 80 टन एनपीके, 35 टन डीएपी सहित अन्य उर्वरक शामिल हैं। इसी प्रकार किसानों की मांग के अनुरूप उन्हें विभिन्न प्रकार की बीज का भी वितरण किया गया। सहकारी समिति गुजरा से खाद प्राप्त कर चुके ग्राम भैंसबोड़ के किसान श्री तुलूराम कोसमा ने बताया कि वह लगभग 05 एकड़ में खेती किसानी का कार्य करते हैं। उन्हें सहकारी समिति से यूरिया, पोटाश, डीएपी, सुपर फास्फेट मिल चुका है।

जिसका उपयोग वे अपने खेतों में आनुपातिक रूप से करेंगे। जिससे उन्हें फसल उत्पादन में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही बारिश से खेतों में भरपूर पानी है, अभी वे रोपाई का कार्य कर रहे हैं।

## दो शराब कोचिया गिरफ्तार एक सटोरिया रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज:दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा सट्टा, जुआ और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में यह अभियान जारी है।

सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी गिरफ्तार : 08 जुलाई को सूचना पर रेलवे लॉबी के पास सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी बिरजू गुप्ता (उम्र 43 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से लाखों के सट्टा-पट्टी, 810 नगद और एक डॉट पेन







जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

अवैध शराब के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार,शिव कुमार साहू ( 29 ), निवासी वार्ड क्रमांक 24, नया बस स्टैंड, राजहरा — जिसके कब्जे से 18 नग देशी प्लेन शराब (3.240 बल्क लीटर, कीमत 1440) बरामद की गई।,खेमलाल ठाकुर (उम्र 31 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 24, नया बस स्टैंड, राजहरा — जिसके पास से 17 नग देशी प्लेन शराब (3.060 बल्क लीटर, कीमत 1360) जब्त की गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क) के तहत क्रमशः अपराध क्रमांक 217/2025 और 218/2025 दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय की टीम में प्रआर संतराम मंडावी, राजेश मरकाम, संजय देशमुख, आरक्षक छन्नु बंजारे, योगेन्द्र सिन्हा, दीपक यादव और झामसिंग कोमरे की सक्रिय भूमिका रही।,राजहरा पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जुआ, सट्टा, शराब व मादक पदार्थों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने गुरु पूर्णिमा पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ द्वारा ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से निपटने व्यापक अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जिसका श्री गणेश 12 जून को रायपुर में आयोजित वृहद कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय ने किया था। इसकी शुरुआत 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी हुई। उक्त अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला बालोद निजी विद्यालय संगठन के सचिव ललित सिंह गौर ने बताया की अभियान के प्रारंभिक



चरण की शुरुआत 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से हुई जो 5 सितम्बर शिक्षक दिवस तक चलेगा। इस अवधि में हमारी प्रदेश संगठन से जुड़े लगभग 2000 विद्यालयों के 5 लाख से अधिक विद्यार्थी पीपल का पेड़ लगायेंगे। कुल 11,11,111 पीपल पेड़ लगाने का लक्ष्य है जिसमें प्रथम वर्ष 5 लाख से अधिक पीपल पेड़ लगाये जा रहे है।

*हमारी इस पंचवर्षीय योजना में हमारे विद्यार्थी न सिर्फ पेड़ लगायेंगे अपितु 5 वर्षों तक उसे खाद पानी एवं सुरक्षा भी प्रदान करेंगे। सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए पोर्टल तैयार किया गया है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी का पंजीयन हो रहा है। विद्यार्थी प्रत्येक तीन माह में उस पौधे की प्रगति की फोटो खींचकर पोर्टल में अपलोड करेगा। हमारे कक्षा शिक्षक सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे तथा बच्चों को सतत मार्गदर्शन भी प्रदान करते रहेंगे। इस अभियान में बच्चे स्वयं से पीपल का पेड़ एकत्र कर रहे हैं। सर्वप्रथम उसे अपने घर में गमले में रोपित कर रहे है। फिर अपने आस-पास के उचित स्थान का चयन कर वहां अपने पालक के साथ जाकर उसे भूमि में रोपित करेंगे एवं उसकी सुरक्षा व्यवस्था करेंगे। बच्चा स्वयं उस पौधे में नियमित खाद, पानी देता रहेगा। पीपल का वैज्ञानिक एवं धार्मिक दोनों महत्व बच्चो को बताया जाएगा। यदि संभव हो तो सप्ताह में एक दिन पीपल पेड़ में जल चढ़ाने बच्चो को प्रेरित किया जाएगा। 10 जुलाई से 5 सितम्बर के बीच कोई भी उपयुक्त दिन बच्चे अपनी सुविधा से वृक्षारोपण करेंगे।

हम सभी विद्यालयों ने यह तय किया है की इसे प्रोजेक्ट के रूप में बच्चो को दिया जाय तथा सही कार्य करने वाले बच्चे को 10 अंक तक बोनस के रूप में प्रदान किया जाय। हमारे संगठन से जुड़े सभी विद्यालयों में इस अभियान को लेकर बड़ा उत्साह है और बच्चे भी पूरे मनोयोग से अभियान को सफल बनाने में लगे हुए है। 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन इस अभियान में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार देवांगन सहित समस्त स्टाफ जिसमें राधेश्याम गंजीर, उमेंद सिन्हा , पुनीतराम सोनकली, नीलकमल भुआर्य, युवराज यादव , ममता गौर , सुरेखा अटल, उषाकिरण छेदाम एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

